**सुविचार -मेहनत** वो सुनहरी चाबी है जो बंद भविष्य के दरवाजे भी खोल देती है।

साप्ताहिक

डाक रजि./MP HSD/13/2021-2023/24-26 आर.एन.ए.पंजीयन संख्या-47485/86

सच की बात-सहजता के साथ

# पिपरिया प्रकाश

http://www.pipariyaprakash.com E-mail-pipariyaprakash@gmail.com Mob. 9425708959

वर्ष-40 अंक -17 पिपरिया (म. प्र.) दिन -गुरुवार दिनांक-12 मार्च 2026 मूल्य-5/00 पृष्ठ -8

## जिले में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक, आपूर्ति पूरी तरह सुचारू-जिला आपूर्ति अधिकारी

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** ,नर्मदापुरम। जिले में पेट्रोल, डीज़ल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है। जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू ने बताया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीज़ल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और नियमित रूप से आपूर्ति जारी है।



उन्होंने बताया कि वर्तमान खपत को ध्यान में रखते हुए पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त भंडारण किया गया है, जिससे आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। प्रशासन द्वारा पेट्रोल, डीज़ल और एलपीजी के स्टॉक की लगातार निगरानी भी की जा रही है, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले की जरूरत के अनुसार एलपीजी गैस का भी पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है और गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है।

उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल-डीज़ल या गैस खरीदें। अनावश्यक रूप से पेट्रोलियम पदार्थों का भंडारण करने से बचें, क्योंकि जिले में आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है।

## नरवाई जलाने पर सख्ती : पिपरिया में गश्ती दल बनेंगे, बिना SMS सिस्टम वाले हार्वेस्टर पर रोक

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** गेहूं की कटाई के बाद खेतों में जलने वाली नरवाई पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। शुक्रवार को सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल पिपरिया में नरवाई प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण व बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आकिब खान ने कहा कि फसल कटाई के बाद नरवाई जलाने की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए ग्राम स्तर पर नरवाई प्रबंधन गश्ती दल का गठन किया जाएगा, जो खेतों में जलने वाली नरवाई की निगरानी कर तत्काल कार्रवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि किसानों को जागरूक करने के लिए अगले 10 दिनों में नरवाई प्रबंधन पाठशालाओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही गांवों में दीवार लेखन और मुनादी के माध्यम से भी किसानों को नरवाई न जलाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में नरवाई प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्रों के कस्टम हायरिंग केंद्रों की सूची तथा हार्वेस्टर संचालकों की सूची चस्पा की जाएगी। बिना ॅडै सिस्टम वाले हार्वेस्टर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायतों में शासकीय भूमि का चयन कर भूसा संग्रह कर गौशालाओं को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा ग्रामवार अनुपयोगी भूमि चिन्हित कर अस्थायी भूसा संग्रह केंद्र बनाए जाएंगे। बैठक में तहसीलदार पिपरिया व बनखोड़ी, जनपद सीईओ पिपरिया-बनखोड़ी, सीएमओ पिपरिया-बनखेड़ी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और कोटवार उपस्थित रहे।





## रेल्वे द्वारा संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद-नरसिंहपुर की जन समस्याओं की वर्षों से बेजा उपेक्षा

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** भारतीय रेल्वे संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद-नरसिंहपुर की जन समसस्याओं की वर्षों से बेजा उपेक्षा करते आ रहा है पूर्व सांसद सरताजसिंह, राव उदय प्रतापसिंह के कार्यकाल में इस क्षेत्र को कोई भी विशेष उल्लेखनीय सफलता प्राप्त नहीं हो सकी। मांग पत्रों को कचरे में डाल दिया गया हमें आश्वासन खूब मिले पर न तो सुविधा न ट्रेन सुपर फास्ट ट्रेने निकली पर स्टापेज नहीं मिल सके। 30-35 वर्षों पुरानी मांग को रेल्वे ने ठुकरा दिया। आज हम जबलपुर से पूना चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन को सप्ताह भर नियमित चलाने की मांग कर रहे हैं रेल्वे ध्यान दे। इसी तरह कोरोनाकाल में बंद ट्रेने स्टापेज पुनः प्रारंभिक किए जाये क्योंकि पूरा क्षेत्र काफी परेशान हाल है। ट्रेनों का अभाव हमें काफी कष्ट देता है। मेमो मेट्रो ट्रेनों की लम्बे समय से मांग है पर यह सरकार महंगी फास्ट ट्रेने ही चलाने में रूचि ही रही है आम गरीब को भूलती जा रही है। किराया वृद्धि ने तो जेवों पर भार डाल दिया है। सुविधा आराम सुरक्षा पर ध्यान तो नदारत ही है। पिपरिया स्टेशन पर धूल का आलम व्याप्त है कब हादसा हो जाये कुछ कह नहीं सकते। माल गोदाम का स्थानांतरण की मांग भी ठंडे बस्ते में दबी पड़ी है। होशंगाबाद-इटारसी, सिवनी मालवा, सोहागपुर, पिपरिया, नरसिंहपुर, गाडरवारा, बनखेड़ी आदि शहरों में सुविधाओं का अकाल सा कायम है। इंदौर की ओव्हरनाइट-बिलासपुर, इंदौर में 2 माह पहले से टिकिट कराओ तत्काल यात्रा सुविधा नदारत है। टाइमिंग भी काफी कष्टदायक है। एक नई ट्रेन की मांग इंदौर से इटारसी जबलपुर मार्ग पर की जा रही है इंदौर के वरिष्ठ नागरिकों की मांग भी कचरे के ढ़ेर में शामिल कर दी गई है हमारे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी मांगे समझ ही नहीं आती, अधिकारी उन्हें बेतुकी मांग कहकर बहला देते हैं पर आज बड़ी आवश्यकता हमारे छात्रों, व्यापारी, श्रद्धालुओं की है उन्हें राहत मिलना ही चाहिए।



## पचमढ़ी में 4 दिवसीय आवासीय मौनध्यान साधना कार्यक्रम आयोजित

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।**( छगन कुशवाहा ) आर्ट ऑफ लिविंग पिपरिया शाखा द्वारा 1 से 4 मार्च तक पचमढ़ी में 4 दिवसीय आवासीय मौनध्यान साधना कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतिवर्ष होली पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले इस शिविर में योग, प्राणायाम और ध्यान के साथ-साथ मन एवं भावनाओं की शुद्धि के लिए विभिन्न आध्यात्मिक प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इस वर्ष शिविर का संचालन बिलासपुर से आए प्रशिक्षक विकास साहू के निर्देशन में किया गया। शिविर आयोजक व आर्ट ऑफ लिविंग टीचर राजेश दुबे ने बताया कि पचमढ़ी का प्राकृतिक वातावरण योग-ध्यान के लिए अत्यंत अनुकूल है। शिविर की शुरुआत प्रतिदिन सुबह 6 बजे योग साधना से होती थी, जो राजेंद्रगिरी और सूर्यनमस्कार प्वाइंट जैसे सूर्योदय स्थलों पर कराई गई। दोपहर के सत्र और भोजन की व्यवस्था भारत स्काउट परिसर में की गई।



संध्याकालीन सत्र में साधकों को प्रकृति के बीच भ्रमण कराया गया, जिसमें पांडव गुफा उद्यान, झील में नौकाविहार और एकांत वन क्षेत्रों का भ्रमण शामिल रहा। इस दौरान साधकों ने प्रकृति से जुड़ाव के साथ पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीवन के महत्व को भी समझा। रात्रि में भजन और सत्संग का आयोजन हुआ, जिसमें आनंदमय जीवन से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की विशेषता तीन दिन का मौन साधना अभ्यास रहा।

संस्था के सदस्य दंगल सिंह पटैल ने बताया कि आयोजन की सभी व्यवस्थाएं पिपरिया शाखा के स्वयंसेवकों द्वारा की गईं। आहार, आवास, पंजीयन, यातायात और रिसेप्शन के लिए अलग-अलग टीमों ने सेवाएं दीं, जिससे देश के विभिन्न स्थानों से आए साधकों को सुविधा मिल सकी।

कार्यक्रम में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश से आए लगभग 40 साधकों ने भाग लिया। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर द्वारा विश्व शांति और व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न ध्यान और प्रकृति संरक्षण से जुड़े प्रोजेक्ट संचालित किए जा रहे हैं। पचमढ़ी में मानसून स्पेशल ध्यान शिविर भी जुलाई के पहले सप्ताह में आयोजित किया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति सम्मान समारोह, 31 महिलाओं का हुआ सम्मान

**जनसंपर्क नर्मदापुरम ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुस्कान संस्था के सहयोग से नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली करीब 31 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा एवं उप संचालक आदिम जाति विभाग आशा मौर्य उपस्थित रहीं। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 6 मार्च से लगातार सांस्कृतिक, सामाजिक एवं विधिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज इन कार्यक्रमों के समापन दिवस पर नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित कर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया है। मुस्कान संस्था की ओर से अंशिका रुद्रांश सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था हमेशा समाज सेवा एवं महिला सशक्तिकरण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही है और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सहयोग निरंतर जारी रहेगा। मुख्य अतिथि पीयूष शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। जब महिलाएं शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने सभी सम्मानित महिलाओं को बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं आयोजन में सुपरवाइजर श्रीमती अर्चना बस्तरबार, हिना खान श्रीमती रेखा चौरे, मुस्कान संस्था की अधीक्षक ऋतु राजपूत एवं अर्चना मालवीय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं कार्यक्रम का संचालन अनुष्का शर्मा भाटिया द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। समारोह के अंत में सम्मानित महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## सम्पादकीय

### रसोई के बढ़े दाम आम आदमी पर दोहरी मार

पहले से मंहगाई की मार झेल रहे आम आदमी पर अब गैस बम फटा है। घरेलू सिलेंडर के दाम 60 रूपए और कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 115 रूपए बढ़ा दिए गए है। यह तो शुरूआत है ईरान के साथ चल रहे युद्ध के और कितने दुष्प्रभाव झेलना होगा यह तो समय ही बताएगा। देश के कई हिस्सों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी – लंबी कतारे देखी जा सकती है। वहीं गैस की किल्लत का सीधा असर होटल और रेस्तरा पर पड़ रहा है। मुंबई, बैंगलौर, हैदराबाद में कई होटल, रेस्तरा बंद हो रहे है। जब से इजराइल और अमेरिका ने इरान के खिलाफ युदध का बिगुल फूंका है तब से भारत की तरफ से कोई साफ संदेश नहीं आया है कि वह किसके साथ है। लेकिन भारत की चुप्पी से साफ है कि वह इरान के पक्ष में नहीं है। इसीलिए हमने इरान से तेल लेना बंद कर दिया है। इसी बीच अमेरिका के मंत्रियों के हवाले से बयान आ रहे है कि अमेरिका ने भारत को अच्छा एक्टर बताया है क्योकि भारत उनकी कहीं बात को माना है और इसी के चलते अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिन की मोहलत दी है। वहीं विपक्ष आरोप लगा रहा है कि आखिर अमेरिका कौन होता है हमें यह बताने वाला कि हम किससे तेल खरीदे और किससे नहीं । हालांकि विदेश नीति में कई पेचिंदगियां होती हैऔर सरकारें अपना हित देखकर ही निर्णय लेती है । लेकिन अमेरिका आएं दिन हमारा अपमान पर अपमान करें और हम चुपचाप सुने यह तो ठीक नहीं । आखिर क्यों हम अमेरिका के आगे इतने असहाय महसूस कर रहे है ऐसी भी क्या मजबूरियां की अमेरिका जो चाहे वह खुलकर कह रहा है और भारत उसके किसी भी बयान का जवाब नहीं दे रहा है। हम पहले उन देषों से तेल खरीदते रहे है जिनसे हमें सस्ता तेल मिलता रहा है फिर हम क्यों किसी की बातों में आकर अपने फैसले बदल रहे है। विदेश नीति की चाहे जो पेचीदगियां हो लेकिन किसी भी देश को हक नहीं कि वह हमारा अपमान करें। युदध का पहला असर गैस की किल्लत के रूप में देखने को मिल रहा है। घरेलू गैस के लिए करीब 25 दिन पहले बुकिंग करनी पड़ रहीं है वहीं आप के संजय सिंह ने कहा है कि सूर्य की रोशनी में रोटी बनाईए और खाईए क्योंकि यह संकट मोदी सरकार द्वारा प्रायोजित है। गैस का संकट कब हल होगा यह तो पता नहीं लेकिन यह संकट कईयो को बेरोजगार कर रहा है। इसके लिए सरकार को शीघ्र कोई कदम उठाना होगा।


**कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)**

क्र./196/साडा/पच/2026 पचमढ़ी दि. 11/3/2026

### द्वितीय नीलामी-सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि साड़ा पचमढ़ी द्वारा शासकीय जनजातीय कन्या आश्रम शाला परिसर में नीलगीरी की लकड़ियों को स्थल पर नीलाम किये के लिए इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी दरें बंद लिफाफे में दिनांक 24-03-2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उक्त दिनांक /समय के बाद प्राप्त लिफाफों पर विचार नहीं किया जावेगा। सील बंद लिफाफे दिनांक 24-03-2026 को सायं 3.30 बजे खोले जावेंगे।

शर्तें-

1. दरें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
2. इच्छुक व्यक्ति/फर्म दरें प्रस्तुत करने के पूर्व स्थल पर जाकर लकड़ी का निरीक्षण कर सकते हैं।
3. नीलामी खुलने के 24 घंटे के अन्दर सफलतम व्यक्ति/फर्म को संपूर्ण राशि जमा करना होगा।
4. सफलतम व्यक्ति /फर्म को समस्त लकड़ी 15 दिवस के अन्दर स्थल से हटाना होगा।
5. लकड़ी का परिवहन स्वयं के व्यय एवं संसाधन से करना होगा।
6. किसी भी प्रकार के वाद-विवाद की स्थिति में अध्यक्ष/सी.ई.ओ. साडा पचमढ़ी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण**
**पचमढ़ी**


## पीएम सड़क राहत योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण सम्पन्न, सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज

जनसंपर्क नर्मदापुरम । सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सड़क राहत योजना (PM RAHAT) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सोमवार 9 मार्च को जिला प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत, डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा एवं जिला परिवहन अधिकारी प्रमोद कापसे, मनीष गुणवान, विनोद सालमी की उपस्थिति में शासकीय एवं निजी अस्पतालों के चिकित्सकों, पुलिस अधिकारी – कर्मचारियों तथा डाटा एंट्री ऑपरेटरों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान एनआईसी मध्यप्रदेश से गौतम डे, मनीष गुणवान, विनोद सालमी एवं डॉ. नवीन ने वर्चुअल माध्यम से योजना के तकनीकी एवं संचालन संबंधी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा मार्च 2026 में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम राहत (PM RAHAT) योजना को मंजूरी दी गई है। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना के बाद पीड़ितों को 7 दिनों तक अधिकतम 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का संचालन eDAR (इलेक्ट्रॉनिक डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट) पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें बीमा या आय से संबंधित कोई शर्त नहीं रखी गई है और किसी भी प्रकार की सड़क पर हुए हादसे में इसका लाभ लिया जा सकेगा।



**योजना की प्रमुख विशेषताएं**

योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में समय पर उपचार न मिलने के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक दुर्घटना पीड़ित को अधिकतम 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा दुर्घटना की तिथि से 7 दिनों तक मान्य रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए बीमा या आय संबंधी कोई पात्रता शर्त नहीं है तथा सभी प्रकार की सड़कों पर हुए हादसे इसमें शामिल किए गए हैं। योजना में DAR प्लेटफॉर्म को TSM 2.0 (ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम) से जोड़ा गया है तथा भुगतान मोटर वाहन दुर्घटना कोष (डट।थ) के माध्यम से किया जाएगा।

सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत ने बताया कि दुर्घटना स्थल पर मौजूद कोई भी व्यक्ति, चाहे वह पीड़ित हो, राहवीर (Good Samaritan) हो या कोई अन्य, 112 नंबर पर कॉल कर नजदीकी अस्पताल की जानकारी और एम्बुलेंस की सहायता प्राप्त कर सकता है।

डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा एवं जिला परिवहन अधिकारी प्रमोद कापसे ने बताया कि यदि सड़क दुर्घटना के पीड़ित को पहले एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो लगभग 50 प्रतिशत मौतों को रोका जा सकता है। इस योजना के अंतर्गत पीड़ित को अपनी जेब से किसी भी प्रकार का खर्चा नहीं करना होगा तथा दुर्घटना की रिपोर्ट से लेकर अस्पताल में भर्ती, पुलिस की मंजूरी, इलाज और भुगतान की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होगी।

उन्होंने बताया कि गंभीर मामलों में पुलिस को 48 घंटे के भीतर और सामान्य मामलों में 24 घंटे के भीतर डिजिटल प्रणाली पर पुष्टि करनी होगी, हालांकि इस दौरान पीड़ित का उपचार बिना किसी रुकावट के जारी रहेगा। कार्यक्रम में आरएमओ डॉ. गजेंद्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी सुनील साहू, आशीष भार्गव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनभागीदारी शुल्क का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग, छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** ( छगन कुशवाहा ) पिपरिया। शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज पिपरिया के छात्रों ने वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले जनभागीदारी शुल्क के आय–व्यय का विवरण सार्वजनिक करने की मांग को लेकर कॉलेज प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन पिपरिया के सचिव वैभव शर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में छात्रों ने कहा कि प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों से "जन भागीदारी शुल्क" के नाम से राशि ली जाती है, जिसका उपयोग शैक्षणिक व संस्थागत विकास कार्यों में किया जाना बताया जाता है। छात्रों ने मांग की है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनभागीदारी शुल्क के रूप में कुल कितनी राशि एकत्रित की गई, उसका किन–किन मदों में खर्च किया गया तथा यदि कोई राशि शेष है तो उसके उपयोग की क्या योजना है, इसकी जानकारी विद्यार्थियों को दी जाए। छात्रों का कहना है कि शुल्क से संबंधित आय–व्यय का स्पष्ट और पारदर्शी विवरण कॉलेज के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया जाए या लिखित रूप में उपलब्ध कराया जाए, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन में कॉलेज प्रबंधन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई गई है।


ए.एस. खुराना
बी.एस.सी./डी.ओ.आर.
मो. 7747022369
8871443275
**मनु आई केयर एण्ड ऑप्टीकल्स**
हमारे यहां नजर व धूप के चश्में नेत्र परिक्षण करके बनाये जाते हैं।
एच.डी.एफ. सी. बैंक के सामने, पिपरिया (म.प्र.)

अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट
**राज ट्रेडर्स**
मो. 9806969697,
$ 9893692487,
9644200339
कैलाश प्रेस के बाजू में सांडिया रोड, पिपरिया
होम डिलेवरी वाहन सुविधा कम दर पर उपलब्ध
लोहा उत्तम क्वालिटी टेस्टेड
डॉ. फिक्सइट आपके घर का डाक्टर सम्पूर्ण वाटर प्रूफिंग के लिए
ग्राहक का संतोष ही हमारी सफलता है।

*पानी की किल्लत से छुटकारा........*
अपने मकान, खेत, (दुकान में नलकूप या जेटपंप बोरिंग हेतु संपर्क करें।
पूर्ण गारंटी एवं उचित दाम
4" से 24" ट्यूबलेल बोरिंग, पाईप, सबमर्सीबल पंप सेट हेतु विश्वनीय प्रतिष्ठान


**महावीर पाइप्स**
गीतांजली शापिंग काम्पलेक्स, शोभापुर रोड, पिपरिया
मो. 9425040827, 9806593136

–राजपाल यादव द्वारा

# बनखेड़ी समाचार

## प्रभु-प्राप्ति की दौड़ में सफलता कैसे पाएं ?

-संत राजिन्दरसिंह जी महाराज



हर धावक की यह कामना होती है कि वह दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करे। एक सफल धावक बनने के लिए कुछ खास गुणों की आवश्यकता होती है। प्रथम, उसका मन अपने लक्ष्य पर केन्द्रित होता है। दूसरा, उसे यह दृढ़ विश्वास होता है कि वह जीतेगा। तीसरा, वह दूसरों के बारे में नहीं सोचता। चौथा, उसमें लक्ष्य को पाने की तीव्र लगन होती है। इन्हीं गुणों को अपनाकर हम भी अपने आध्यात्मिक लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

जो धावक जीतना चाहते हैं वे नियमित रुप से शारीरिक व्यायाम करते हैं ताकि उनमें यह क्षमता विकसित हो सके कि वे बीच रास्ते में ही हिम्मत न हार जाएं। उन्हें दौड़ने में गति प्राप्त करनी होगी। उन्हें यह अभ्यास करना होगा कि उनके अंग स्वतः ही जीतने के लिए आवश्यक हलचल कर सकें। उनका भोजन सही मात्रा में होना चाहिए ताकि उनका शारीरिक वजन बना रहे और कद-काठी व अंग पुष्ट रहें। उनका आहार ऐसा हो जो उन्हें जीतने के लिए शारीरिक तौर पर तैयार कर सके।

शारीरिक क्षमताओं के अलावा कुछ मानसिक विशेषताएं हैं जो हमें अपने लक्ष्य पर पहुंचने में मददगार होती हैं- हम अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उस पर दृढ़ रहें, हमारा नजरिया सकारात्मक हो, और हमें अपनी सफलता पर विश्वास हो, हम विश्वास रखें कि अन्य कोई हमारे पथसे विचलित नहीं कर पायेगा और हम अपनी लगन और तड़प को बरकरार रखेंगे।

इसी तरह, यदि हमारा लक्ष्य प्रभु-प्राप्ति है तो हमें अपने आपसे यह प्रश्न पूछना होगा कि प्रभु-प्राप्ति के लिये हमारी इच्छा कितनी प्रबल है? अधिकांश लोग जो एक के बाद एक दुनियावी कार्यों में लगे रहते हैं, उन्होंने अभी अपने मन को इस बात के लिये तैयार नहीं किया है कि वे प्रभु को चाहते हैं अथवा दुनिया को। जबान से तो हम यही कहते हैं कि हमें प्रभु चाहिये परन्तु हमारे कार्य इसके विपरीत होते हैं। इसका अर्थ यही है कि हमने अभी तक अपना लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है और हम कभी भी बहक सकते हैं।

एक बार लक्ष्य को सुनिश्चित करके, हम भी धावकों की तरह इन सिद्धांतों पर अमल करें। हम सदा प्रभु के बारे में सोचें। कार चलाते वक्त, हाथों से काम करते वक्त, पंक्ति में अपनी बारी का इंतजार करते हुए, ट्रेफिक जाम में, बागबानी करते हुए, बच्चों के कपड़े बदलते हुए, खाना पकाते समय अथवा व्यायाम करते हुए भी हम प्रभु को याद कर सकते हैं।

दूसरों से प्रभु की चर्चा करें। प्रभु -प्राप्ति के उपाय करें। ऐसी प्रेरणादायक पुस्तकों का अध्ययन करें जिनसे हम यह जान सकें कि संतों-महात्माओं ने प्रभु को कैसे पाया है। प्रभु तक पहुंचाने वाली गतिविधियों में अधिक से अधिक समय लगाएं, जैसे ध्यान-अभ्यास, सत्संग, निष्काम सेवा और नैतिक जीवन। उन लोगों की संगत करें जो प्रभु की तलाश में लगे हैं।

हममें से प्रत्येक परमात्मा को पा सकता है। संतों का यह आशावादी रुख हमें भी प्रेरणा देता है कि यदि एक व्यक्ति किसी काम को कर सकता है तो वही काम दूसरा भी कर सकता है। हमें खुद पर विश्वास होना चाहिए। इस तरह की मानसिकता के साथ हम संतों की शिक्षाओं का पालन करें, ध्यान-अभ्यास करें, नैतिक जीवन बनाएं, प्रतिदिन आत्म-निरीक्षण करें, सत्संगों में जाएं, शाकाहारी भोजन का सेवन करें, नशीले पदार्थों को त्यागें, निष्काम सेवा करें। इस तरह हम इसी जीवन में प्रभु को प्राप्त कर सकते हैं।

घुड़दौड़ में घोड़ों की आंखों पर अंखौड़ा लगा दिये जाते हैं ताकि वे दूसरे घोड़े को देखकर भटक न जायें। दूसरों की ओर ध्यान न देते हुए हम अपने लक्ष्य की ओर ध्यान लगायें। यदि हम ईमानदारी से आत्म-निरीक्षण करेंगे, तो हमारे पास दूसरों की ओर देखने का समय ही नहीं रहेगा और हम शीघ्र प्रगति कर सकेंगे। हम दूसरों के प्रति ईर्ष्या, द्वेष में नहीं उलझेंगे और अपनी ही प्रगति की ओर ध्यान देंगे।

हमें एक सफल धावक के गुणों को धारण करना है ताकि हम भी प्रभु की ओर दौड़ में जीत हासिल कर सकें। हम पूरी शक्ति और लगन के साथ अपनी आत्मा को परमात्मा से जोड़े रखें ताकि इसी जीवन में प्रभु को प्राप्त कर सकें। अपनी आत्मा का परमात्मा से मिलन ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। हमें अपना दृष्टिकोण आशावादी रखना होगा ताकि इसी जीवन में हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। तभी हम प्रभु प्राप्ति की दौड़ में सफल होंगे।






# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पर विशाल महामोर्चा

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** नर्मदापुरम भारत मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा बहुजन क्रांति मोर्चा का विरोध प्रदर्शन मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों ने हमारे समाचार पत्र के प्रतिनिधि को बताया कि इस विशाल महामोर्चा का नेतृत्व भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय वामन मेश्राम साहब सह नेतृत्व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विकास पटेल साहब जिला प्रभारी जिला आंदोलन समिति के सरजेराव सहारे ने कहा की देश के मूलनिवासी बहुजन समाज हित में और संविधान को बचाने के इस आंदोलन का हिस्सा बना होगा भारत मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय वामन मेश्राम साहब ने चार चरणों में आंदोलन की घोषणा की इस आंदोलन को भारत के मूलनिवासी बहुजन समाज की सामाजिक धार्मिक शैक्षणिक किसान एवं असंगठित कामगार संगठन सहित भाजपा को छोड़कर अनेक राजनीतिक दलों का समर्थन प्राप्त है अनेक संगठनों द्वारा समर्थन पत्र भी दिया है ।

# कचरे के जलने के बाद उठा जहरीला धुंआ कई बीमारियों का कारण बना

पिपरिया में सांडिया रोड स्थित मुक्तिधाम ( शांतिवन ) मछवासा नदी के किनारे है । नगर भर का कचरा यहां डंप किया जाता है । कचरे में प्लास्टिक और पॉलीथिन बड़ी मात्रा में होती है । इस कचरे को आग लगाकर नष्ट करने का प्रयास किया जाता है जिसके कारण कई समस्याए सामने आ रही है । कचरे के जलने के बाद उठा जहरीला धुंआ कई बीमारियों का कारण बन गया है । तीन वार्डो के निवासियों पर इसका प्रत्यक्ष प्रतिकूल असर **अशोक वार्ड, राजेन्द्र वार्ड, महाराणा प्रताप वार्ड** पर पड़ रहा है ।



शान्तिवन , मुक्तिधाम सांडिया रोड पिपरिया

प्लास्टिक और पॉलीथिन को जलाना पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। जब हम इन्हें जलाते हैं, तो यह पूरी तरह नष्ट नहीं होते, बल्कि जटिल रासायनिक प्रतिक्रियाओं के कारण कई जहरीली गैसों का मिश्रण छोड़ते हैं।

प्लास्टिक पॉलीथिन जलाने से निकलने वाली गैसें अत्यंत खतरनाक होती हैं ,यह हमारे फेफड़े ,लीवर ,तंत्रिका तंत्र पर सीधा प्रभाव डालती है । इन गैसों के कारण कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है ।

प्लास्टिक / पॉलीथिन जलाने पर मुख्य रूप से निम्नलिखित गैसें निकलती हैं ।

- ☐ डाइऑक्सिन और फ्युरान (Furans)– ये सबसे खतरनाक रसायनों में से एक हैं जो कैंसर का कारण बन सकते हैं।
- ☐ कार्बन मोनोऑक्साइड (CO)– यह गैस रक्त में ऑक्सीजन ले जाने की क्षमता को कम कर देती है।
- ☐ हाइड्रोजन क्लोराइड (HCl)– यह सांस नली में जलन पैदा करती है।
- ☐सल्फर डाइऑक्साइड (SO&2)– यह अम्लीय वर्षा (Acid Rain) का मुख्य कारण है।
- ☐ वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (VOCs)– इनमें बेंजीन और स्टाइरीन शामिल हैं, जो तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुँचाते हैं।
- ☐पार्टिकुलेट मैटर (PM)– हवा में तैरते हुए बारीक राख के कण जो फेफड़ों में गहराई तक समा जाते हैं

इन गैसों के संपर्क में आने से होने वाले नुकसान मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव

–सांस की बीमारियाँ – अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों का संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है।

–कैंसर का खतरा– डाइऑक्सिन जैसे तत्व शरीर में जमा होकर कैंसर पैदा कर सकते हैं।

–प्रजनन और हार्मोनल समस्या– यह शरीर के अंतःस्रावी तंत्र (Endocrine system) को बिगाड़ देता है, जिससे बच्चों के विकास और प्रजनन क्षमता पर असर पड़ता है।

–प्रतिरक्षा प्रणाली– जहरीली गैसें शरीर की बीमारियों से लड़ने की शक्ति को कमजोर करती हैं।

इन गैसों के कारण पर्यावरण पर प्रभाव

–ओजोन परत का क्षरण– कुछ गैसें ओजोन परत को नुकसान पहुँचाती हैं।

–ग्लोबल वार्मिंग– कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसें पृथ्वी के तापमान को बढ़ाती हैं।

–मिट्टी और पानी का प्रदूषण– जलाने के बाद बची हुई जहरीली राख बारिश के साथ मिलकर जमीन और भूजल को जहरीला बना देती है।


ध्यान रखें– प्लास्टिक / पॉलीथिन का कचरा जलाने के बजाय उसे रीसायकल (Recycle) करना या कचरा प्रबंधन प्रणाली को सौंपना ही एकमात्र सुरक्षित विकल्प है। स्थानीय निकायों में कचरा प्रबंधन के लिए हर साल अच्छा खासा बजट रखा जाता है लेकिन कभी इसका ढंग से उपयोग नहीं हुआ । प्लास्टिक पोलिथिन कचरे के प्रति स्थानीय निकाय को जिम्मेदार , संवेदनशील और सतर्क होने की अपेक्षा है । क्योकि कचरा दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है ।

– गोपाल राठी


विश्वसनीयता ।। श्री महावीराय नमः ।। उचित दाम

# श्री विजय जेम्स & ज्वेलर्स

(सोने, चांदी, हीरे के आभूषणों एवं राशि रत्नों के विक्रेता)



हमारे यहां समस्त असली राशि रत्न, उपरत्न, स्फटिक श्रीयंत्र शिवलिंग, माला, नवरत्न अंगूठी, ब्रेसलेट, कड़े, पारदेश्वर गोल्डप्लेटेड यंत्र उचित दाम पर उपलब्ध है



असली प्राकृतिक, लक्ष्मी प्रदाता, सुख समृद्धिदायक, दक्षिणावर्ती शंख एवं एक मुखी रूद्राक्ष उपलब्ध है।

सांडिया रोड, पालीवाल गैस एजेंसी के पास, पिपरिया

प्रो. सचिन जैन मो. 9425475891, 9425475431

## कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)

क्र./193/ साडा/पच/2026 पचमढ़ी दिनांक 09/03/2026

### कोटेशन सूचना

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण पचमढ़ी सिविल क्षेत्र तथा अपने कार्यालय तथा यूनिट हेतु 31 मार्च 2027 तक के लिये विद्युत सामग्री की दरें प्राप्त करना चाहता है। अतः इच्छुक सप्लायर अपनी-अपनी दरें बंद लिफाफे में दिनांक 20-3-2026 को दोपहर 12.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | सामग्री का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सर्विस लाइन02 कोर 6mm | प्रति बंडल |
| 2 | वायर फ्लेट केवल 03 कोर कॉपर | प्रति मीटर |
| 3 | वायर सर्विस लाइन 02 कोर आरमंड | प्रति मीटर |
| 4 | वायर कॉपर 04mm एंकर | प्रति बंडल |
| 5 | वायर कॉपर 01mm एंकर | प्रति बंडल |
| 6 | वायर कॉपर 1.5mm एंकर | प्रति बंडल |
| 7 | मेन स्विच 32 एम्पीयर | प्रति नग |
| 8 | मेन स्विच 63 | प्रति नग |
| 9 | मेन स्विच 100 एम्पीयर | प्रति नग |
| 10 | पम्प स्टार्टर 03 फेज HP सहित | प्रति नग |
| 11 | पम्प स्टार्टर 01 फेज HP सहित | प्रति नग |
| 12 | कट आउट लग्ज सहित 32 एम्पीयर | प्रति नग |
| 13 | कट आउट लग्ज सहित 63 एम्पीयर | प्रति नग |
| 14 | कट आउट लग्ज सहित 100 एम्पीयर | प्रति नग |
| 15 | कट आउट लग्ज सहित 200 एम्पीयर | प्रति नग |
| 16 | एम.सी.बी. 16 एम्पीयर | प्रति नग |
| 17 | एम.सी.बी. 32 एम्पीयर | प्रति नग |
| 18 | एम.सी.बी. 63 एम्पीयर | प्रति नग |
| 19 | एम.सी.बी. 100 एम्पीयर 03 फेज 04 पोल | प्रति नग |
| 20 | बल्ब एल.ई.डी. 09 वाट | प्रति नग |
| 21 | 48 पंखा नॉन डेकोरेटिव हाई स्पीड | प्रति नग |
| 22 | मॉड्युलर फेन रेग्युलेटर | प्रति नग |
| 23 | मॉड्युलर स्विच एंकर | प्रति नग |
| 24 | मॉड्युलर प्लग एंकर | प्रति नग |
| 25 | मॉड्युलर होल्डर एंकर | प्रति नग |
| 26 | मॉड्युलर बोर्ड मॉडल 02 | प्रति नग |
| 27 | मॉड्युलर बोर्ड मॉडल 04 | प्रति नग |
| 28 | मॉड्युलर बोर्ड मॉडल 06 | प्रति नग |
| 29 | मॉड्युलर बोर्ड मॉडल 08 | प्रति नग |
| 30 | मॉड्युलर बोर्ड मॉडल 12 | प्रति नग |
| 31 | मॉड्युलर बोर्ड मॉडल 18 | प्रति नग |
| 32 | एल.ई.डी. ट्यूब रोड हेवल्स 10 वाट, 20 वाट | प्रति नग |
| 33 | एलीमेन्ट रॉड1560 वाट | प्रति नग |
| 34 | एलीमेन्ट रॉड 2000 वाट | प्रति नग |
| 35 | थर्मो स्ट्रीट लाईट रोड 09 इंच, 11 इंच | प्रति नग |
| 36 | टेप रोल 3/4" | प्रति नग |
| 37 | टेप रोल 1/2" | प्रति नग |
| 38 | पी.व्ही.सी. पाइप 10 फुट 1.5 mm | प्रति नग |
| 39 | पी.व्ही.सी. बैण्ड | प्रति नग |
| 40 | जंक्शन बॉक्स | प्रति नग |
| 41 | जी.आई. बोर्ड 02 मॉडल | प्रति नग |
| 42 | जी.आई. बोर्ड 04 मॉडल | प्रति नग |
| 43 | जी.आई. बोर्ड 06 मॉडल | प्रति नग |
| 44 | जी.आई. बोर्ड 08 मॉडल | प्रति नग |
| 45 | जी.आई. बोर्ड 12 मॉडल | प्रति नग |
| 46 | जी.आई. बोर्ड 18 मॉडल | प्रति नग |
| 47 | राउण्ड सीट पी.व्ही.सी. | प्रति नग |
| 48 | सीलिंग रॉड एंकर | प्रति नग |
| 49 | हाइलग सीट प्रति स्कवायर इंच | प्रति नग |
| 50 | मॉडयूलर डमी | प्रति नग |
| 51 | मॉडयूलर प्लेट 02 मॉडल | प्रति नग |
| 52 | मॉडयूलर प्लेट 04 मॉडल | प्रति नग |
| 53 | मॉडयूलर प्लेट 06 मॉडल | प्रति नग |
| 54 | मॉडयूलर प्लेट 08 मॉडल | प्रति नग |
| 55 | मॉडयूलर प्लेट 12 मॉडल | प्रति नग |
| 56 | मॉडयूलर प्लेट 18 मॉडल | प्रति नग |
| 57 | स्टील स्क्रू 01"-1½" | प्रति नग |
| 58 | स्टार स्क्रू 01"-1½" | प्रति नग |
| 59 | बुड स्क्रू 01" | प्रति पैकेट |
| 60 | बुड स्क्रू 1½" | प्रति पैकेट |
| 61 | 03 फेस 04 वायर ISI मार्क SWG | प्रति मीटर |

शर्तें :-

1. दरें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
2. सप्लायर को भुगतान प्राप्त करने के लिये बिल के साथ खाता नम्बर, आई.एफ.एस.सी. कोड सहित देना होगा।
3. एक बार दर स्वीकृत हो जाने के पश्चात सप्लाई आदेश की दिनांक से 31 मार्च 2027 तक की अवधि तक सामग्री स्वीकृत दर पर सप्लाई करना होगा।
4. सप्लाई की जा रही सभी सामग्री ISI मार्क की होना आवश्यक है।
5. आवश्यकतानुसार सामग्री के लिये डिमान्ड दी जावेगी। डिमान्ड के एक सप्ताह के अन्दर सामग्री प्रदाय करना होगा।
6. सूची के अतिरिक्त संस्था को किसी सामग्री की जरूरत पड़ती है तो सप्लायर को न्यूनतम दर पर सामग्री उपलब्ध कराना होगा।
7. निविदा के साथ रुपये 2000/- अमानत राशि जमा करना होगा जो कि ठेका अवधि तक जमा रहेगी। असफल निविदाकर्ता को अमानत राशि मूल रसीद जमा करने पर 15 दिवस के अन्दर वापस की जावेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण**
**पचमढ़ी**

## मिडिल ईस्ट युद्ध के बीच लगा महंगाई का झटका, घरेलू सिलेंडर के दाम 60 रुपए बढ़े



केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा कर दिया है। वहीं 19 किग्रा वाले कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपए का इजाफा किया गया है।

नई दिल्ली। ईरान–इजरायल युद्ध के बीच ईंधन का संकट गहराने लगा है। केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा कर दिया है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम की LPG गैस अब 913 रुपए की मिलेगी। पहले यह 853 रुपए की थी। वहीं 19 किग्रा वाले कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपए का इजाफा किया गया है। यह अब 1883 रुपए का मिलेगा। बढ़ी हुई कीमतें 7 मार्च से लागू हो जाएंगी।तेल और गैस इंदौर । केंद्र सरकार ने गैस के दामों में बढ़ोत्तरी ऐसे वक्त की है जब अमेरिका–इजराइल और ईरान जंग के चलते देश में गैस किल्लत की संभावना जताई गई है। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया है।

भारत में पेट्रोल– डीजल के दाम बढ़ने का संकट फिलहाल खत्म हो गया है, क्योंकि भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट मिल गई है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ये लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैलिड रहेगा।

अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने 6 मार्च को बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत यह अस्थायी कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण पार्टनर हैं और ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है।

क्रूड ऑयल की बात करें तो शुक्रवार को कच्चे तेल के बाजार भाव में अचानक बढ़ोतरी देखी गई थी, जिसने ग्लोबल ट्रेडर्स को चौंका दिया। तेल के वायदा भाव में तेज उछाल देखने को मिला। 8–9 घंटे के दरमयान WTI क्रूड ऑयल की कीमतें करीब 12 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ गईं और कुछ समय के लिए तो भाव 92 डॉलर के पार पहुंच गया। इस तेज उछाल ने ग्लोबल कमोडिटी मार्केट में हलचल मचा दी।

भारतीय समयानुसार, शनिवार सुबह 6:30 बजे क्रूड ऑयल की कीमतें 9.89 डॉलर या 12.21% के उछाल के साथ 90.90 डॉलर/बैरल पर थीं, जबकि ब्रेंट का भाव 7.63 डॉलर या 8.93% के उछाल के साथ 93.04 डॉलर/बैरल पर बना हुआ था।

-हम समवेत

## सोहागपुर विधायक की अनुशंसा पर 1 निर्माण कार्य हेतु 1 लाख 7 हजार 750 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । सोहागपुर विधायक श्री विजय पाल सिंह की अनुशंसा पर कलेक्टार सुश्री सोनिया मीना द्वारा विधायक निधि से माखननगर में 1 निर्माण कार्यो के लिए 1 लाख 7 हजार 750 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्ति जानकारी के अनुसार सोहागपुर विधायक श्री विजय पाल सिंह की अनुशंसा पर ग्राम खारदा विकासखंड माखननगर में भीलटबाबा के पास टीन शेड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 7 हजार 750 रूपये की राशि प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।


DOLLY ICE CREAM PARLOUR & BAKERY SHOP



कमलेश प्रिंटिंग प्रेस सांडिया रोड, पिपरिया
प्रो. कमलेश मंडलोई



न्यू विनीत ट्रांसपोर्ट
शोभापुर रोड, पिपरिया
जिला-नर्मदापुरम(म.प्र.)
Mob- 9300734595, 9827576290, Ph.220409
विशेष- छोटी गाड़ी सम्पूर्ण भारत में भेजी जाती है।

करें नवशिशु का स्वागत, प्यार दुलार।
न्यू ललित किड्स कॉर्नर में श्रीमान् पधारें।
नवशिशु के स्वागत के लिए- गद्दे तकिये सेट, मच्छरदानी, बाकर बाबागाड़ी, झूला, खेल खिलौने आदि की विस्तृत श्रृंखला।
साथ ही आप सभी के लिए अंडर गारमेंट्स की संपूर्ण रेंज।
न्यू ललित होजरी एण्ड किड्स कार्नर
3-4 ललित आर्केड, मीठी गली , पिपरिया

विकी हार्डवेयर स्टोर्स
फोन कार्यालय 224664,
निवास- 222664मो. 9893200814
सिंधी गुरू मंदिर के सामने पचमढ़ी रोड, पिपरिया
बिरला व्हाइट सीमेंट एवं वाल केयर पुट्टी
उच्चकोटि के लोहा व सीमेंट एवं भवन सामग्री के थोक व फुटकर विक्रेता

अद्वितीय विशाल सोने एवं चांदी के आभूषणों के शोरुम पर हम आपका हार्दिक अभिनंदन करते है।





विजय ज्वेलर्स
मेन रोड, पिपरिया
जिला–नर्मदापुरम (म.प्र.) फोन–मो. 9425475530

चन्द्रकान्त अग्रवाल
(कर सलाहकार)
उपलब्ध सेवाएं -
(1) इन्कम टेक्स, जी.एस.टी, टी.डी.एस., प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं अन्य सभी टेक्शेशन से संबंधित कार्य
(2) लाईफ एंशुरेन्स-पी.एन.पी. मेटलाइफ इन्शुरेंस
(3) हेल्थ एंशुरेन्स- एचडीएफसी हैल्थ एन्शुरेंस
सम्पर्क करें - दुकान नं. 2 अर्बन गेलेक्सी, जीन कम्पाउंड, गोपाल ट्रांसपोर्ट के पीछे, ऊमर वाले दादा मंदिर के सामने वाली रोड, पिपरिया मो. 9893803544

।। ॐ भूर्भुव: स्व: तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो न: प्रचोदयात्।।



# अखण्ड ज्योति

**ऋषि चिंतन के सान्निध्य में**

## विलासी मनुष्य धर्मात्मा नहीं हो सकता

जो मनुष्य दूसरों के लिए जितनी अधिक से अधिक प्रेम भावना रखता है और अपनी खुद की ओर से उदासीन रहता है , उसके लिए श्रेष्ठ बनना, उतना ही सुगम होता है । इसके विपरीत जो मनुष्य को अपने को जितना अधिक प्रेम करता है और दूसरों से अपनी जितनी ही अधिक सेवा कराता है , उतना ही वह दूसरों लोगों की भलाई कम कर सकता है । एक मनुष्य जो दूसरों को खिलाने के बजाए खुद ही बहुत अधिक खा लेता है , तो वह अन्य लोगों की दो प्रकार से हानि करता है । एक तो उसके अधिक खाने से दूरों के भोजन में कमी पड़ जाती है और दूसरे अधिक खा लेते से वह अपनी शक्ति को भी खो बैठता है और दूसरों का हित करने के योग्य नहीं रहता ।

बहुत से लोग ऐसा प्रकट करते हैं कि वे दूसरों से प्रेम करते हैं, पर उनका प्रेम केवल शब्दों तक ही सीमित रहता है । हम दूसरों के साथ तभी वास्तविक प्रेम कर सकते हैं जब कि अपने साथ प्रेम करना या अपना अनुचित स्वार्थ छोड़ें । ऐसे बहुत से उदाहरण मिलते हैं, जिनमें हम समझते हैं कि हम दूसरों से प्रेम करते हैं, पर वास्तव में हमारा प्रेम केवल दिखावा ही होता है । दूसरों को भोजन खिलाना या आश्रय देना, हम भूल जाते हैं, पर अपने लिए भोजन तथा आश्रय प्राप्त करना कभी नहीं भूलते । इसलिए दूसरों को सचमुच प्रेम करने के लिए हमको वास्तव में अपने आप को अधिक प्रेम करना छोड़ना होगा ।

–अखण्ड ज्योति –जनवरी 1957 पृष्ठ–11

## पिपरिया विधायक की अनुशंसा पर 89 हितग्राहियों को 06 लाख 15 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । विधायक पिपरिया की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा स्वेच्छानुदान निधि से पिपरिया एवं बनखेडी के 89 हितग्राहियों को 06 लाख 15 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक पिपरिया श्री ठाकुर दास नागवंशी की अनुशंसा पर पिपरिया एवं बनखेडी के 08 हितग्राहियों को क्रमशः 25–25 हजार रूपये, पिपरिया एवं बनखेडी के 02 हितग्राहियों को क्रमशः 10–10 हजार रूपये, एवं पिपरिया एवं बनखेडी के 79 हितग्राहियों को क्रमशः 05–05 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## अतिथि शिक्षकों का मानदेय समय सीमा में भुगतान करने के निर्देश

जनसंपर्क नर्मदापुरम । संयुक्त संचालक डॉ. मनीष वर्मा एवं सहायक संचालक (डीपीआई) खुर्शीदा खान द्वारा नर्मदापुरम संभाग के जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की वेबीनार के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिथि शिक्षकों के मानदेय भुगतान एवं बजट उपयोग को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देशित किया गया कि अतिथि शिक्षकों के मानदेय का भुगतान वर्तमान बजट सत्र में ही किया जाए।

साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि एजुकेशन पोर्टल से मानदेय बिल जनरेट कर ही भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। जिन अतिथि शिक्षकों द्वारा नेटवर्क की समस्या के कारण ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकी है, उनकी सूची शाला डाइस कोड सहित तत्काल संचालनालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों को आवश्यकता अनुसार बजट की मांग पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने तथा यदि किसी कार्यालय के पास अतिरिक्त बजट उपलब्ध हो तो उसे 31 मार्च से पूर्व समर्पित करने के निर्देश भी दिए गए। संयुक्त संचालक डॉ. वर्मा ने समग्र शिक्षा अभियान एवं पीएम श्री विद्यालयों को जारी बजट का 15 मार्च से पूर्व प्रभावी ढंग से उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपसंचालक श्रीमती ज्योति प्रहलादी ने बैठक में बताया कि संकुलवार एजुकेशन पोर्टल से जनरेटेड मानदेय बिल में अतिथि शिक्षकों की संख्या और विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की संख्या में अंतर पाया गया है। इस पर उन्होंने संबंधित संकुल प्राचार्यों को अपने लॉग–इन के माध्यम से संख्या को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए।








# कालूराम मूलचंद गट्टानी शोभापुर

के सोने व चांदी की शुद्धता के विश्वास के साथ अब निर्माण की दुनिया में हमारी नई पहचान

**AAC BLOCk Autoclaved, Aerated, Concrete**



मकान, गोदाम, मॉल, होटल, बिल्डिंग्स, बाउंड्री वाल्स आदि निर्माण हेतु उपलब्ध



**ब्लॉक साइज –**

लम्बाई 24'' ऊंचाई 8'' 3'', 4''6'', 8''

लगाने में आसान, तराई की आवश्यकता नहीं, साधारण ईंट की तरह टूट-फूट नहीं, वजन में हल्का, मकान में सीलन से मुक्ति, प्लास्टर का खर्च कम, सीमेंट एवं रेत की आवश्यकता नहीं, दीवार पर आने वाले खार से मुक्ति, गर्मी में 4 से 5 डिग्री ठंडा, दीमक से मुक्ति

- ISI Mark Grade 1 AAC ब्लॉक्स
- समृद्धि प्लास्टिक्स
- पॉवर टूल्स एवं स्पेयर पार्टस
- LED लाईट्स
- कंस्ट्रक्शन केमिकल
- सुप्रीमो पानी की टंकिया
- RCC चौखट, जंगले, खिड़की एवं दरवाजे
- LED लाईट्स
- समस्त हार्डवेयर
- CPVC, UPVC, SWR, Pressure, VGD, Coloumn Pipe एंड फिटिंग्स

**ब्लॉक्स हेतु जानकारी व आर्डर हेतु सम्पर्क करें**

**गट्टानी ट्रेडिंग कम्पनी** मंडी रोड, गणेश मंदिर के पास, हथवांस, पिपरिया

मो. 8085256256, 9479914256 प्रोप्राईटर– आनंदा गट्टानी



## पिपरिया शहर का प्राचीन औषधालय

श्री कृष्ण सेवा संघ धमार्थ औषधालय धर्मशाला रोड पिपरिया

- ✲पिपरिया एवं क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा में हमेशा प्रयत्नशील
- ✲ अनुभवी वैद्यजी द्वारा परामर्श
- ✲ आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण
- ✲ पंजीयन शुल्क मात्र दो रुपए

औषधालय का समय : सुबह 9 से 12 बजे तक

यदि हो गये हो बीमार –आयुर्वेद ही सही उपचार।

ऋषि मुनियों ने आयुर्वेद को अपनाने के आशीर्वाचन दिए हैं उन्हें अपनाइए ।आयुर्वेदिक उपचार अपनाऐ ।स्वस्थ जीवन पाऐं ।।



# मे. शुभम् ट्रेडर्स

**क्या बिजली पानी समस्या से परेशान है , समस्या आपकी, समाधान हमारा**

**कुशल इंजीनियरों से निर्मित उत्तम गुणवत्ता व विश्वनीयता का बेजोड़ संगम**

**अधिकृत विक्रय–**(1) सागा सिंगल थ्रीफेस मोनो एवं सम्मरशिबल पम्पस् अहमदाबाद गुजरात (2) रिगामेना सम्मरशिबल राजकोट V-3-V-4-V-6-V-7, (3) स्वयं P.V.C. केसिंग पाइप 3'' से 12'' साइजों में उपलब्ध ✲ विशाल एवं स्प्रिंकलर्स पाइप (4) जनरेटर, सेट, डीजल ऐंजिन उत्तम, बीज (5) प्रीमियर फाउन्टेन कोलकता (6) अन्य स्टारटर एल एंड टी, एच.पी.एल, आटो स्विच केवल व अन्य कृषि सामग्री के विक्रेता एवं गवर्मेन्ट सप्लायर

दिमाग पर ज्यादा जोर न लगायें । अपने पैसों से सही सुविधा पायें ।।

**निवास–गली नं. 3 सरदार वार्ड पिपरिया Mob. 9630556704,9993283326**

**कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)**

क्र./181/ साडा/पच/2026 पचमढ़ी दिनांक 09/03/2026

# कोटेशन सूचना

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण पचमढ़ी सिविल क्षेत्र तथा अपने कार्यालय तथा यूनिट के लिए संलग्न सूची अनुसार सामग्री 31 मार्च 2027 तक क्रय करना चाहता है । अतः इच्छुक सप्लायर अपनी-अपनी दरें बंद लिफाफे में दिनांक 20-3-2026 को दोपहर 12.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं ।

| क्र. | सामग्री का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | निरमा पाउडर | 1 किलो |
| 2 | निरमा पाउडर | 500 ग्राम |
| 3 | एरियल पाउडर | 1 किलो |
| 4 | एरियल पाउडर | 500 ग्राम |
| 5 | सीक झाडू नारियल | 1 किलो |
| 6 | सीक झाडू नारियल | 500 ग्राम |
| 7 | सीक झाडू पाइप-बनी हुयी | प्रति नग |
| 8 | सीक झाडू रस्सी द्वारा बनी हुयी | प्रति नग |
| 9 | बांस झाडू सीक मशीन की बनी | 1 किलो |
| 10 | बांस झाडू सीक मोटी | 1 किलो |
| 11 | राम बुहारी लोकल बिना हेन्डिल | प्रति नग |
| 12 | राम बुहारी प्लास्टिक छोटा हेन्डिल | प्रति नग |
| 13 | राम बुहारी प्लास्टिक मोटा हेन्डिल | प्रति नग |
| 14 | राम बुहारी पारस, रिलाइन्स | प्रति नग |
| 15 | जाला झाडू फाइबर | प्रति नग |
| 16 | जाला झाडू स्टील फोल्डिंग | प्रति नग |
| 17 | सूपडी प्लास्टिक बड़ी | प्रति नग |
| 18 | सूपडी स्टील | प्रति नग |
| 19 | एयरफेशनर वाथरूम के लिये | प्रति नग |
| 20 | रूम फेशनर 200 एम.एल. | प्रति नग |
| 21 | रूम फेशनर 1000 एम.एल. | प्रति नग |
| 22 | गुडनाईट/आल आउट मशीन | प्रति नग |
| 23 | गुडनाईट/आल आउट /रिफिल लिक्विट | प्रति नग |
| 24 | गुडनाईट कछुआ अगरबत्ती | प्रति नग |
| 25 | हिट लाल बड़ा | प्रति नग |
| 26 | हिट लाल छोटा | प्रति नग |
| 27 | काला हिट बड़ा | प्रति नग |
| 28 | काला हिट छोटा | प्रति नग |
| 29 | टमीनेटर स्प्रे | प्रति नग |
| 30 | कोलीन/ग्लास क्लीनर1000 एम.एल. | प्रति लीटर |
| 31 | कोलीन/ग्लास क्लीनर 500 एम.एल. | प्रति नग |
| 32 | टायलेट सोप 10 ग्राम | प्रति नग |
| 33 | टायलेट सोप 30 ग्राम | प्रति नग |
| 34 | डिटॉल सोप छोटा | प्रति नग |
| 35 | हेण्डवाश लिक्विट 1000 एम.एल. | प्रति लीटर |
| 36 | हेण्डवाश लिक्विट 5000 एम.एल. | प्रति 05 लीटर |
| 37 | हेण्डवाश लिक्विट 400 एम.एल. | प्रति नग A ग्रेड |
| 38 | हेण्डवाश लिक्विट 500 एम.एल. | प्रति नग A ग्रेड |
| 39 | टायलेट रोल छोटा | प्रति लीटर |
| 40 | टायलेट रोल बड़ा | प्रति लीटर |
| 41 | मोमबत्ती छोटी 6 नग/पैकेट | प्रति लीटर |
| 42 | मोमबत्ती बड़ी 6 नग/पैकेट | प्रति पैकेट |
| 43 | हाईलाईटर पेन हर कलर में | प्रति पैकेट |
| 44 | नेवथलीन वॉल गेडा प्रति किलो | प्रति 01 किलो ग्राम |
| 45 | नेप्थलीन वॉल सेन्टेड प्रति पाउच | प्रति नग |
| 46 | नेप्थलीन वॉल कलर | प्रति लीटर |
| 47 | फिनाइल ब्लैक (गेंडा, 1000 एम.एल.) | प्रति लीटर |
| 48 | फिनाइल डॉक्टर (1000 एम.एल.) | प्रति लीटर |
| 49 | फिनाइल त्रिशुल (1000 एम.एल.) | प्रति लीटर |
| 50 | फिनाइल ब्लैक गेंडा (5000 एम.एल.) | प्रति 05लीटर |
| 51 | फिनाइल व्हाइट सेन्टेड बना हुआ | प्रति लीटर |
| 52 | फिनाइल व्हाइड कम्पाउण्ड | प्रति लीटर |
| 53 | फिनाइल व्हाइट बना हुआ सेन्टेड | प्रति 05 लीटर |
| 54 | फिनाइल व्हाइट कम्पाउण्ड | प्रति 05 लीटर |
| 55 | टायलेट क्लिनर 1000 एम.एल. | प्रति नग |
| 56 | टायलेट क्लिनर 5000 एम.एल. | प्रति नग |
| 57 | पोछा कपड़ा बड़ा | प्रति नग |
| 58 | पोछा कपड़ा छोटा | प्रति नग |
| 59 | ड्राय सोप बड़ा कम्पलीट | प्रति नग |
| 60 | ड्राय सोप छोटा कम्पलीट | प्रति नग |
| 61 | वेट सोप कम्पलीट | प्रति नग |
| 62 | ड्राय सोप रिफिल बड़ी | प्रति नग |
| 63 | ड्राय सोप रिफिल छोटी | प्रति नग |
| 64 | वेट सोप रिफिल बड़ी | प्रति नग |
| 65 | डस्टिंग कपड़ा बड़ा ब्राण्डेढ | प्रति नग |
| 66 | डस्टिंग कपड़ा छोटा | प्रति नग |
| 67 | वायपर 16'' कम्पलीट | प्रति नग |
| 68 | वायपर 21'' कम्पलीट | प्रति नग |
| 69 | वायपर 24'' कम्पलीट | प्रति नग |
| 70 | वायपर पाइप एल्यूमीनियम | प्रति नग |
| 71 | वायपर पाइप जी.आई. | प्रति नग |
| 72 | सेनेटाइजर डिटोल शेशे छोटा | प्रति नग |
| 73 | सेनेटाइजर 1000 एम.एल. | प्रति नग |
| 74 | सेनेटाइजर 5000 एम.एल. | प्रति नग |
| 75 | चूना डिगली पावडर | प्रति 1 किलोग्राम |
| 76 | प्लास्टिक रस्सी पेकिंग 01 बंडल छोटा | प्रति नग |
| 77 | प्लास्टिक रस्सी 01 बंडल बड़ा | प्रति नग |
| 78 | ओडोनिल टिकिया | प्रति नग |
| 79 | ओडोनिल एयर पॉकेट जेल | प्रति नग |
| 80 | ब्लिचिंग पावडर ग्रेड 'ए' | प्रति 1 किलोग्राम |
| 81 | सोडियम हाइपोक्लोराइट 12 प्रतिशत | प्रति लीटर |
| 82 | टोकनी बड़ी | प्रति नग |
| 83 | टोकनी छोटी | प्रति नग |
| 84 | सफाई दास्ताने ब्राण्डेड | प्रति जोड़ी |
| 85 | मैलाथिन ऑयल | प्रति लीटर |
| 86 | टायलेट ब्रश | प्रति नग |
| 87 | एसिड | प्रति लीटर |
| 88 | हार्पिक | प्रति लीटर |
| 89 | मेजिक ब्रश तार | प्रति नग |
| 90 | मेजिक ब्रस प्लास्टिक बड़ा | प्रति नग |
| 91 | कचरा बेग बड़ा | प्रति 1 किलोग्राम |
| 92 | डायक्लोरवास 76 प्रतिशत | प्रति लीटर |
| 93 | रिफ्लेक्टर जेकेट | प्रति नग |
| 94 | फावडी वेसा सहित | प्रति नग |
| 95 | पंजर | प्रति नग |
| 96 | झाडू डंडे 05 फीट बांस के | प्रति नग |
| 97 | लेहकड़ी (कांटा) | प्रति नग |
| 98 | डस्टबिन बड़े पोरटेबल | प्रति नग |
| 99 | लार्वा ऑयल | प्रतिलीटर |
| 100 | मलेरिया ऑयल हर्बल | प्रति लीटर |
| 101 | डस्टबिन पोरटेवल 100 लीटर | प्रति लीटर |
| 102 | डस्टबिन पोरटेवल 80 लीटर | प्रति नग |
| 103 | डस्टबिन पोरटेवल 60 लीटर | प्रति नग |
| 104 | गारवेज बेग 36"X48" | प्रति पैकेट |
| 105 | गारवेज बेग 36"X48" | प्रति पैकेट |
| 106 | छींदा झाडू | प्रति नग |
| 107 | स्पिन मोप वास्केट | प्रति नग |

शर्ते :-

1. कोटेशन के साथ रुपये 2000/- नगद अमानत बतौर अमानत राशि जमा करना होगा तभी कोटेशन मान्य होगा ।
2. दरें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा ।
3. सप्लायर को भुगतान प्राप्त करने के लिये बिल के साथ खाता नम्बर, आई.एफ.एस.सी. कोड सहित देना होगा ।
4. एक बार दर स्वीकृत हो जाने के पश्चात सप्लाई आदेश की दिनांक 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिये स्वीकृत दर पर सप्लाई करना होगा ।
5. आवश्यकतानुसार सामग्री के लिये डिमान्ड दी जावेगी । डिमान्ड के एक सप्ताह के भीतर सामग्री प्रदाय करना होगा ।


**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण**
**पचमढ़ी**

## *ई– टोकन व्यवस्था से किसानों को समय पर यूरिया मिलेगा व पारदर्शी आएगी– कलेक्टर*



### *किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत ई– विकास जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न*


जनसंपर्क नर्मदापुरम कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि जिले में जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी है, उन किसानों की फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनवाएं। राज्य शासन द्वारा जो ई– टोकन (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली लागू की है, इससे किसानों को काफी सुविधा होगी। ई–टोकन व्यवस्था से कालाबाजारी रूकेगी और किसानों को पारदर्शिता के साथ समय पर यूरिया मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण इस उद्देश्य से आयोजित किया गया है, जिससे किसानों से जुड़े मैदानी अमला किसानों को ई–टोकन बुक कराने में सहायता कर सकें।कलेक्टर श्रीमती सिंह ने ई–विकास (वितरण एवं कृषि उर्वक आपूर्ति समाधान) प्रणाली के तहत सोमवार को शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया। राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग निर्देशानुसार किसान कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत ई–विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण व्यवस्था लागू की गई है। प्रशिक्षण का प्रथम सत्र में विकासखंड नरसिंहपुर, करेली, एवं गोटेगांव और प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में चावरपाठा, चीचली एवं साइखेड़ा को दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भोपाल स्तर से आए मास्टर ट्रेनर श्री मनीष बिरहा एवं निमेष जैन ने ई–टोकन जनरेट करने की प्रणाली, किसानों को ई–टोकन जनरेट नहीं करने पर मैदानी अमले द्वारा टोकन जनरेट करना व उन्हें प्रशिक्षित करने तथा जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी है, उनकी फार्मर आईडी बनाने आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण पटवारी, सचिव / ग्राम सहायक, सोसाइटी मैनेजर, वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी, डबल लॉक एग्रो गोदाम प्रभारियों को दिया गया। इस दौरान उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ, परियोजना संचालक आत्मा श्री आरपी झारिया, उपायुक्त सहकारिता, जिला सहकारी बैंक, जिला विपणन अधिकारी आदि अधिकारी उपस्थित रहे ।


भारत स्टेशनरी
जयप्रकाश शाला के पास पिपरिया मोबाईल –9406561805
कापीयां, पुस्तक, पेन पेन्सिल, गाईड, स्कूल बैग स्टेशनरी के विक्रेता
कम्प्यूईराइजड रबर स्टेम्प बनाई जाती है ।
फोटोकापी की सुविधा उपलब्ध है ।



गोपी गहना
चांदी, सोना आभूषण एवं गिफ्ट आईटम के विक्रेता
अब आनन्द बाग मार्ग चिन्ताहरण मंदिर के पास
पुलिया के सामने दूसरी दुकान राजेन्द्र वार्ड पिपरिया
मो. 9425475981, 7693075981

प्रकाश डिजिटल
फोटो स्टूडियो
पाठक जी की चाल सांडिया

रोड, पिपरिया

शादी, जन्मदिन, अन्य पार्टियों एवं कान्फेंस के लिए पिपरिया शहर में पहली बार प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है

मो. 9893331604
माहेश्वरी फर्नीचर स्टोर्स
सीमेंट रोड, पिपरिया


अधिकृत विक्रेता
नीलकमल फर्नीचर एवं कोरफोम गद्दे, अलमारी, कूलर, टी.वी, पंखे, गद्दे, सोफा, कार्पेट एवं फोम मटेरियल


विवेक सेनेटरी एण्ड हार्डवेयर
हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प के बाजू में पचमढ़ी रोड, पिपरिया
9479381880, 9131649108
मिलने का स्थान –
यू.पी. व्ही.सी., सी.पी. व्ही.सी., एस. डब्लू. आर, आई.डोल, प्लास्टो पाइप एंड फिटिंग उचित मूल्य पर प्राप्त करें ।

# महिला दिवस पर फाग उत्सव, समाजसेवी व महिला पुलिस का सम्मान

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया।**( छगन कुशवाहा ) पिपरिया । अंतरराष्ट्रीय विश्व महिला दिवस के अवसर पर हिंदू महिला शक्ति की संस्थापिका उपासना प्रशांत तिवारी द्वारा सानवी ग्रुप के तत्वावधान में फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान कर उनके कार्यों की सराहना की गई।



कार्यक्रम की मुख्य प्रायोजक श्रीमती अनिता गोपाल सोनी, श्रीमती सीता अमरीश पटेल, श्रीमती माया किशोर सिंह राजपूत, श्रीमती रीना कपिल शर्मा एवं श्रीमती उपासना प्रशांत तिवारी रहीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी प्रतिभा से नई पहचान बना रही हैं।

कार्यक्रम में विशेष रूप से महिला पुलिस कर्मियों का भी सम्मान किया गया, जो दिन–रात समाज की सुरक्षा और सेवा में अपना योगदान देती हैं। कार्यक्रम का संचालन मयूरी राजपूत ने किया।

इस अवसर पर सिविल जज श्रीमती सुरभि कटकवार, महिला पुलिस से मोनिका सिंह, रेखा मुनिया, ईशिका दुबे, वंदना उइके, नीना नागपाल, कौशल्या ठाकुर, सीमा पटेल, कुसुमलता पटेल, पार्वती शर्मा, रेखा शर्मा सहित कई महिला कर्मी उपस्थित रहीं।

साथ ही सखी मंच से शैल शुक्ला, शारदा शुक्ला, अमृता सेवा समिति से मीरा गढ़वाल, ममता नगोत्र, रेखा राठौर, रुचिका मालपानी, रीना शर्मा, हिंदू महिला शक्ति से निकिता दुबे, नीलम पचौरी, किरण गौरव, हेमलता साहू, बबीता पटेल, तनु सोलंकी, ज्योति, सहयोग संस्था से श्रीमती नीरजा पालीवाल, लायंस क्लब से किरण मूंदड़ा, वर्षा समैया तथा वृक्ष सेवा समिति से किरण राज, सविता राज सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

फाग उत्सव के दौरान महिलाओं ने होली के गीतों पर उत्साह के साथ सहभागिता की और एक–दूसरे को गुलाल लगाकर महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# नगर में रंग पंचमी का पर्व इस वर्ष भी पूरे उत्साह और आस्था के साथ धूमधाम से मनाया

पिपरिया। नगर में रंग पंचमी का पर्व इस वर्ष भी पूरे उत्साह और आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। शहर के तीन अलग–अलग क्षेत्रों से भव्य रंग यात्राएं निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और हुलियारे शामिल हुए। सड़कों पर जगह–जगह रंग और गुलाल की बारिश होती रही तथा लोग एक–दूसरे को गले लगाकर पर्व की शुभकामनाएं देते नजर आए।

हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में इंदौर और ब्रज की पारंपरिक होली की झलक देखने को मिली। रंग यात्रा में राधा–कृष्ण की तीन नृत्य झांकियां, पांच भजन मंडल तथा पानी और रंग से भरे फायरब्रिगेड आधा दर्जन टैंकर शामिल रहे। यह यात्राएं राधाकृष्ण मंदिर सांडिया रोड, खेड़ापति मंदिर हथवास और दुर्गा मंदिर तहसील पचमढ़ी रोड से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकली।

दोपहर 12 बजे तीनों दिशाओं से निकाली यात्राएं नगर के प्रमुख स्थल मंगलवारा सुभाष चौक पर पहुंचीं। यहां नगर पालिका के टैंकरों, फायर ब्रिगेड और ट्रैक्टर टैंकरों से हुलियारों पर इंद्रधनुषी रंगों की बौछार की गई। मथुरा की होली के गीतों पर युवाओं और श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया और एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर बधाई दी।

इस बार महिलाओं की भागीदारी भी विशेष रूप से देखने को मिली। बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतरकर रंगोत्सव में शामिल हुईं और उत्साहपूर्वक रंग खेला।

पर्व के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। दो थानों के प्रभारी और एसडीओपी पुलिस बल के साथ पूरे समय व्यवस्था संभाले रहे। आयोजन के दौरान कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई और रंग पंचमी का पर्व भाईचारे और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# सांडिया सीताराम घाट से शुरू हुई तैराकी, 8 घंटे में बना,नागपुर के आयरनमैन डा.राजेंद्र जायसवाल ने नर्मदा में तैरकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

<u>63 साल की उम्र में ,आयरनमैन' का कमालरू नर्मदा में 8 घंटे 13 मिनट तैरकर 25.65 किमी पूरा कर, बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड</u>

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया।**( छगन कुशवाहा ) पिपरिया। नर्मदा नदी सांडिया सीताराम घाट से तैराकी कर नागपुर के 'आयरनमैन' डॉ. राजेंद्र जायसवाल ने 63 वर्ष की उम्र में अद्भुत साहस और फिटनेस का परिचय देते हुए नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया। बुधवार 11 मार्च 2026 को ग्राम सांडिया के श्री सीताराम घाट से शुरू हुई इस तैराकी में उन्होंने लगातार 8 घंटे 13 मिनट तक तैरकर करीब 25.65 किलोमीटर का सफर तय किया।






यह तैराकी जय माता दी समिति पिपरिया के सहयोग से आयोजित की गई। सुबह शुरू हुई इस चुनौतीपूर्ण तैराकी के दौरान डॉ. जायसवाल ने नर्मदा के प्रवाह के बीच अपनी अद्भुत सहनशक्ति का प्रदर्शन किया और रिकॉर्ड बनाकर सभी को प्रेरित किया।

डॉ. राजेंद्र जायसवाल ने बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया' अभियान से प्रेरित हैं। इसी संदेश को समाज तक पहुंचाने और लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उन्होंने यह अनोखी तैराकी चुनौती स्वीकार की।

समिति के सदस्यों ने बताया कि 63 वर्ष की उम्र में इतनी लंबी दूरी तक लगातार तैरना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है, इसलिए ऐसे प्रेरणादायी व्यक्तित्व का पिपरिया नगर में सम्मान किया जाएगा। डॉ. राजेंद्र जायसवाल का सम्मान एक निजी होटल गीतांजलि, मे कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

रजिस्ट्रेशन नं. 9546171019

**किरण फ्रेक्चर एंड पेन क्लीनिक**

**डॉ. सुयश शर्मा**
(हड्डी रोड विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस.डीएनबी आर्थो
मिलने का समय–
प्रात: 11 से दोप. 2.00 बजे तक शाम 5 से 7.30 बजे तक

**डॉ.विभा शर्मा**
MBBS,MD,FIPM
मिलने का समय–
शाम 6.00 से 7.30 बजे तक

नोट – आधुनिक तकनीक से सभी प्रकार के दर्द का इलाज किया जाता है।
आपरेशन की सुविधा समर्थ अस्पताल में उपलब्ध है। (इमरजेंसी में समर्थ अस्पताल में संपर्क करें )
फ्रेक्चर, स्पोर्ट इंजुरी, सायटिका, गठिया, कमर, ऐड़ी, कोहनी, घुटने के दर्द अथवा चोट का इलाज किया जाता है।

उपलब्ध सुविधाएँ–डिजिटल X-ray, वॉटर प्रूफ प्लास्टर

स्थान–अशोक वार्ड, पी.पी. एस स्कूल के पास, सांडिया रोड पिपरिया

स्वत्वाधिकारी संपादक मुद्रक प्रकाशक–प्रकाशचन्द्र मंडलोई कैलाश पेपर इंडस्ट्रीज, सांडिया रोड, पिपरिया जिला– नर्मदापुरम (म.प्र) से मुद्रित प्रकाशित मो. 09425708959 संपादक –प्रकाशचन्द्र मंडलोई
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र पिपरिया न्यायालय रहेगा। E-mail-pipariyaprakash@gmail.com